| **S. NO** | **Words in English** | **Meaning in Hindi** | **Usages in English** | **Usages in Hindi** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Instrument Of Accession | **अंगीकार पत्र** | The **Instrument of accession** of Jammu and Kashmir was signed by Maharaja Hari Singh on 26th Oct. 1947. | महाराजा हरि सिंह ने जम्मू और कश्मीर के **अंगीकार पत्र** पर 26 अक्टूबर 1947 को हस्ताक्षर किए थे। |
| 2. | Attend in Person | **स्वंय हाजिर होना** | The Court has directed the Police Chief to **Attend** the hearing **in person.** | न्यायालय ने पुलिस प्रमुख को सुनवाई के लिए **स्वयं हाजिर होने** का निदेश दिया है। |
| 3. | Authenticated Copy | **अधिप्रमाणित प्रति** | The **authenticated copy** of the treaty signed between India & France is yet to be received by the media. | भारत और फ्रांस के बीच जिस संधि पर हस्ताक्षर हुए हैं उसकी **अधिप्रमाणित प्रति** अभी मीडिया को प्राप्त नहीं हुई है। |
| 4. | Augment | **वृद्धि करना, संवर्धन करना** | The GOI has suitably **Augmented** the foreign exchange reserves in the recent years. | भारत सरकार ने हाल के वर्षों में विदेशी मुद्रा भंडार में पर्याप्त **वृद्धि** की है। |
| 5. | At large | **व्यापक रुप में** | This scheme is beneficial for the Students **at large.** | यह स्कीम विद्यार्थियों के लिए **व्यापक रुप में** लाभदायक है। |
| 6. | As a matter of Law | **विधि के अनुसार** | **As a matter of law**, he can't be arrested in this case. | **विधि के अनुसार** उसे इस मामले में गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। |
| 7. | As Expeditiously as Possible | **यथासंभव शीघ्रता के साथ** | This problem must be solved **as expeditiously as possible.** | इस समस्या का समाधान **यथासंभव शीघ्रता के साथ** होना चाहिए। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 8. | Annual General Meeting | **वार्षिक आम बैठक** | In the **annual general meeting** Board of the Directors of the company has decided to pay 100% dividends to its shareholders. | कंपनी के निदेशक मंडल ने अपनी **वार्षिक आम बैठक** में अपने शेयर धारकों को 100% लाभांश देने का निर्णय लिया है। |
| 9. | Agitate the question | **प्रश्न उठाना** | Our MLA vehemently **agitated this question** in the Legislative Assembly. | हमारे विधायक ने यह **प्रश्न** विधान सभा में जोरदार तरीके से **उठाया** था। |
| 10. | Administer Oath | **शपथ दिलाना** | The president has **administered the oath** of office and secrecy to the CJI. | राष्ट्रपति ने भारत के मुख्य न्यायाधीश को पद एवं गोपनीयता की **शपथ दिला** दी है। |
| 11. | Amicus Curiae | **न्याय मित्र** | In deciding many cases, the role of **Amicus Curiae** is of paramount importance. | अनेक मामलों के निर्णय में **न्याय मित्र** की भूमिका अत्यधिक महत्तवपूर्ण होती है। |
| 12. | At the Counting Of Votes | **मतों की गणना के समय** | The security was beefed up **at the counting of votes.** | **मतों की गणना के समय** सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। |
| 13. | Alumni Association | **पूर्व छात्रसंघ** | The meeting was held by the Delhi University **Alumni Association**. | बैठक का आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय **पूर्व छात्र संघ** द्वारा किया गया था। |
| 14. | All concerned | **सर्व संबंधित** | **All concerned** are informed that tomorrow is the last date for submission of the application. | **सर्व संबंधितों** को सूचित किया जाता है कि आवेदन देने की अंतिम तिथि कल है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 15. | Bad faith | **असद्भाव, दुर्भाव** | This act has been done in a **bad faith.** | यह कार्य **दुर्भाव** से किया गया है। |
| 16. | Bequeath | **वसीयत करना/वसीयत द्वारा किसी को कुछ देना।** | He has **bequeathed** all of his assets to his wife. | उसने अपनी सभी परिसंपत्तियां अपनी पत्नी को **वसीयत कर दी** है। |
| 17. | Bring into Force | **प्रवर्तन में लाना** | This act will be **brought into force** with effect from 1st Aug 2019 | यह अधिनियम 1 अगस्त, 2019 से **प्रवर्तन में लाया** जाएगा। |
| 18. | Bring a Case before the court | **मामले को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करना** | The central govt**. brought this case before the court.** | केन्द्र सरकार ने इस **मामले को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।** |
| 19. | By reason of mistake of law | **विधि की भूल के कारण** | The innocent was put behind bars **by reason of mistake of law.** | **विधि की भूल के कारण** यह निर्दोष जेल की सलाखों के पीछे पहुंच गया। |
| 20. | By word and action | **वचन तथा कर्म द्वारा** | His probity is beyond doubt **by both word and action.** | उसकी सत्यनिष्ठा **वचन तथा कर्म** दोनों लिहाज से संदेह से परे है। |
| 21. | Carry on business for profit | **लाभ के लिए कारबार करना** | The intention of the govt. is not to **carry on business for profit**. | सरकार का उद्देश्य **लाभ के लिए कारबार करना** नहीं है। |
| 22. | cartel | **व्यापार संघ** | The cement **cartel** of India has stopped purchasing raw materials from China. | भारतीय सीमेंट **व्यापार संघ** ने चीन से कच्चा माल खरीदना बंद कर दिया है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 23. | Case has no merit | **मामले में कोई दम नहीं है** | Court dismissed the false dowry case filed by her because **case had no merit.** | उनके द्वारा दायर दहेज के झूठे मुकदमे को न्यायालय द्वारा खारिज कर दिया गया क्योंकि **मामले में कोई दम** नहीं था। |
| 24. | Cease to exist | **अस्तित्वहीन होना, समाप्त होना** | The services of this company will **cease to exist** from the last day of the month. | इस कंपनी की सेवाएं इस माह के अंतिम दिन से **समाप्त हो जाएंगी।** |
| 25. | Certain parts of law | **विधि के कतिपय भाग** | **Certain parts of this Law** have been taken from the set of laws of other countries. | इस **विधि के कतिपय** भाग दूसरे देशों की विधियों के समूह से लिए गए है। |
| 26. | Circumstantial evidence | **पारिस्थितिक साक्ष्य** | No **circumstantial evidence** has been collected by the inquiry officer so far. | जांच अधिकारी द्वारा अब तक कोई भी **पारिस्थितिक साक्ष्य** नहीं जुटाया गया है। |
| 27. | Common stock | **सामान्य पूर्वज** | The **common stock** of the maximum civilizations came from the African Continent. | अधिकतर सभ्यताओं के **सामान्य पूर्वज** अफ्रीकी महादेश से आए थे। |
| 28. | Communal violence | **सांप्रदायिक हिंसा** | No case of **communal violence** has been reported in the recent years in this area. | हाल के वर्षों में इस क्षेत्र में **साम्प्रदायिक हिंसा** के किसी भी मामले की रिपोर्ट नहीं आई है। |
| 29. | Complete or partial | **पूर्ण अथवा आंशिक** | No **complete or partial** part of this book shall be printed without the prior permission of the publisher. | प्रकाशक की पूर्व अनुमति के बिना इस पुस्तक के **पूर्ण अथवा आंशिक** भाग को मुद्रित नहीं किया जा सकेगा। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 30. | Comprehensive programme | **व्यापक कार्यक्रम** | The govt. has launched a **comprehensive programme** to save and conserve water across the country. | सरकार ने देश भर में जल बचाने तथा उसे संरक्षित करने के लिए एक **व्यापक कार्यक्रम** शुरु किया है। |
| 31. | Defendant | **प्रतिवादी** | **Defendant** shall not be liable to arrest. | **प्रतिवादी** को गिरफ्तार नहीं किया जा सकेगा। |
| 32. | Depose to the facts of the case | **मामले के तथ्यों के बारे में अभिसाक्ष्य देना** | The deponent has already **deposed to the facts of the case**. | अभिसाक्षी ने इस **मामले के तथ्यों के बारे में अभिसाक्ष्य** पहले ही दे दिए हैं। |
| 33. | Detention and confiscation of goods | **माल का निरोध और अधिहरण** | The procedure of **detention and confiscation** was done by the custom officials. | **माल के निरोध और अधिहरण** की प्रकिया सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा पूरी की गई थी। |
| 34. | Detrimental to the public interest | **लोकहित के लिए हानिकारक** | The call for strike invoked by the opposition is **detrimental to the public interest.** | विपक्ष द्वारा किया गया हड़ताल का आह्वान **लोकहित के लिए हानिकारक** है। |
| 35. | Effective in law | **विधि की दृष्टि में प्रभावी** | All the measures taken by the govt. to curb the crime seem to be **effective in law**. | अपराध रोकने के लिए सरकार द्वारा जो भी कदम उठाए गए हैं वो **विधि की दृष्टि में** प्रभावी प्रतीत होते हैं। |
| 36. | Efficient discharge of functions | **कृत्यों का दक्षतापूर्ण निर्वहन** | Our organisation is reputed for **efficient discharge of functions**. | हमारा संगठन **कृत्यों के दक्षतापूर्ण निर्वहन** के लिए विख्यात है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 37. | Election to the house of the people | **लोक सभा का निर्वाचन** | **Elections to the house of the people** are held on the basis of adult suffrage. | **लोक सभा का निर्वाचन** वयस्क मताधिकार के आधार पर होता है। |
| 38. | Estimate the undisclosed income | **अप्रकटित आय का प्राक्कलन करना** | The income tax deptt. is **estimating the undisclosed income** of the senior officers of the firm. | आयकर विभाग फर्म के वरिष्ठ अधिकारियों की **अप्रकटित आय का प्राक्कलन** कर रहा है। |
| 39. | Fair amount of compensation | **प्रतिकर की उचित रकम** | The victim has been granted a **fair amount of compensation.** | भुक्तभोगी को **प्रतिकर की उचित रकम** मिल गई है। |
| 40. | Felony | **घोर अपराध** | He was convicted guilty to good number of **felonies**. | उसे अनेक **घोर अपराधों** के लिए दोष सिद्ध पाया गया। |
| 41. | Civil commotion | **सिविल अशांति, नागरिक अशांति** | The incidents of **civil commotion** were at increase during British Raj. | ब्रिटिश राज में **नागरिक अशांति** की घटनाएं काफी बढ़ गयी थी। |
| 42. | Guilty of misconduct | **कदाचार का दोषी** | On inquiry the clerk has been found **guilty of misconduct**. | जांच होने पर लिपिक **कदाचार का दोषी** पाया गया है। |
| 43. | Heir apparent | **प्रत्यक्ष वारिस** | Nobody seems to be the **heir apparent** in this case. | इस मामले में कोई भी व्यक्ति **प्रत्यक्ष वारिस** प्रतीत नहीं हो रहा है। |
| 44. | Infructuous | **असफल, निष्फल** | The appeal in the supreme court has become **infructuous.** | उच्चतम न्यायालय में अपील **निष्फल** हो गई है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 45. | Juvenile offender | **किशोर अपराधी** | All the **juvenile offenders** have been kept in the reform centre. | सभी **किशोर अपराधियों** को सुधार गृह में रखा गया है। |
| 46. | Legislative drafting | **विधायी प्रारुपण** | The training in **legislative drafting** is imparted by legislative deptt. | **विधायी प्रारुपण** का प्रशिक्षण विधायी विभाग द्वारा प्रदान किया जाता है। |
| 47. | Malicious | **विद्वेषपूर्ण** | She described all the charges as **malicious.** | उसने सभी आरोपों को **विद्वेषपूर्ण** बताया। |
| 48. | Net worth | **शुद्ध संपत्ति** | The **net worth** of Indian billionaires are continuously growing every year. | भारतीय अरबपतियों की **शुद्ध संपत्ति** प्रति वर्ष लगातार बढ़ती जा रही है। |
| 49. | Contravention | **उल्लंघन** | By accepting the expensive gifts, he has been in **contravention** of conduct rules. | महंगे उपहारों को स्वीकार कर उसने आचरण नियमों का **उल्लंघन** किया है। |
| 50. | Public prosecutor | **लोक अभियोजक** | An ideal **public prosecutor** considers himself as a paragon of justice. | एक आदर्श **लोक अभियोजक** वह होता है जो अपने आपको न्याय का प्रतिमान मानता है। |
| 51. | Next Friend | **वाद मित्र** | He was ready to be the **next friend** of the minor in law suit. | वह मुकदमे में अप्राप्तवय का **वादमित्र** बनने के लिए तैयार था। |
| 52. | Obsolete | **अप्रचलित** | Efforts are being made to eliminate **obsolete** laws. | **अप्रचलित** कानूनों को समाप्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 53. | Onerous | **दुर्वह** | He was assigned an **onerous** task. | उसे एक **दुर्वह** कार्य सौंपा गया। |
| 54. | New Trial | **नया विचारण** | He had to go through a **new trial** when an amended charge imposed on him. | संशोधित आरोप लगाए जाने पर उसे **नए विचारण** से गुजरना पड़ा। |
| 55. | Pecuniary | **धन संबंधी, धनीय** | The **pecuniary** advantage of this job is beyond imagination. | इस नौकरी में **धन संबंधी** लाभ कल्पनातीत है। |
| 56. | Pecuniary Jurisdiction | **आर्थिक क्षेत्राधिकार** | In the existing act amendment can be introduced to reduce the **pecuniary jurisdiction** of courts. | न्यायालयों के **आर्थिक क्षेत्राधिकार** में कटौती करने के लिए वर्तमान अधिनियम में संशोधन का प्रस्ताव किया जा सकता है। |
| 57. | Notify | **अधिसूचित करना** | President's order is **notified** in the Gazette of India and press communiqué is issued in the matter. | राष्ट्रपति के आदेश भारत के राजपत्र में **अधिसूचित किए** जाते है तथा इस विषय में विज्ञप्ति जारी की जाती है। |
| 58. | Precinct | **प्रसीमा** | This immunity is available even to a private person inside the **precincts** of the parliament/court. | संसद/न्यायालय की **प्रसीमा** के भीतर यह अधिकार किसी गैर सरकारी व्यक्ति को भी प्राप्त होता है। |
| 59. | Pre-emption | **शुफा, अग्रक्रय** | In the certain cases, law permits right of **pre-emption**. | कतिपय मामलों में कानून **अग्रक्रय** अधिकार को स्वीकृति देता है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 60. | Prerogative | **परमाधिकार** | This is the **prerogative** of Courts to accept or reject the public interest litigation in many cases. | अनेक मामलों में जनहित याचिका को स्वीकार या अस्वीकार करना न्यायालयों का विशेषाधिकार/**परमाधिकार** होता है। |
| 61. | Procurement | **अधिप्रापण** | Government will carry out reforms in defence procurement **procedure** to increase efficiency. | सरकार रक्षा क्षेत्र में क्षमता बढ़ाने के लिए रक्षा सामग्रियों के **अधिप्रापण** की प्रक्रिया में सुधार करेगी। |
| 62. | Punitive | **दांडिक** | Public were enraged at the **punitive** measures taken by the administration. | प्रशासन द्वारा **दण्डात्मक** कार्रवाई से जनता भड़क उठी। |
| 63. | Redundant | **अनावश्यक** | These old acts have now become **redundant.** | ये पुराने अधिनियम अब **अनावश्यक** हो चुके है। |
| 64. | Regulating | **विनियमन** | Orders are issued by the govt. of India from time to time for **regulating** the price of drugs. | भारत सरकार द्वारा औषधियों की कीमतों को **विनियमित** करने के लिए समय-समय पर आदेश जारी किए जाते हैं। |
| 65. | Repeal | **निरसन** | Recently, a large number of acts have been **repealed** by the govt. of India. | हाल ही में भारत सरकार द्वारा अनेक अधिनियमों को **निरसित** कर दिया गया है। |
| 66. | Statute | **कानून** | The **statute**, as passed by the Government, will come into force next year. | सरकार द्वारा पारित यह **कानून** अगले वर्ष से लागू होगा। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 67. | Redress | **प्रतितोष /निवारण** | Courts are empowered to **redress** the grievances. | न्यायालयों को शिकायतों के **प्रतितोष** की शक्तियां प्रदान की गई है। |
| 68. | Reposition | **संग्रह, निक्षेपागार** | A data **repository** developed in this office for a specific use. | इस कार्यालय में विशिष्ट प्रयोजन हेतु एक सूचना **निक्षेपागार** विकसित किया गया है। |
| 69. | Rescind | **रद्द करना** | The company has decided to **rescind** the approval already made. | कंपनी ने पूर्व में प्रदान की गई पुष्टि को **रद्द करने** का निर्णय लिया है। |
| 70. | Revocable | **प्रतिसंहरणीय** | A provision for **revocable** transfer has been included in the contract. | संविदा में **प्रतिसंहरणीय** अंतरण का प्रावधान रखा गया है। |
| 71. | Subsistence | **अस्तित्व में रहना** | During **subsistence** of marriage no person of the Muslim Community can claim dissolution of marriage by pronouncing triple talaq. | मुस्लिम समुदाय का कोई भी व्यक्ति विवाह के **अस्तित्व में रहने** के दौरान तीन तलाक द्वारा विवाह विच्छेद का दावा नहीं कर सकता है। |
| 72. | Substantiate | **सिद्ध करना** | The committee found no evidence to **substantiate** the charges, hence the accused was exonerated. | समिति द्वारा ऐसा कोई भी साक्ष्य, जिससे आरोप **सिद्ध हो सके** , न पाए जाने के कारण आरोपी को आरोपमुक्त कर दिया गया। |
| 73. | Suit | **वाद** | This **suit** embraces two or more distinct subjects. | इस **वाद** में दो या अधिक अलग-अलग विषय शामिल है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 74. | Sundry | **विविध** | **Sundry** articles of office furniture were purchased from e-market. | कार्यालय के फर्नीचर की **विविध** सामग्रियां ई-मार्केट से खरीदी गई। |
| 75. | Surtax | **अतिकर** | Government brought in a proposal to levy new **surtax** on luxury cars and other vehicles. | सरकार कीमती गाड़ियों तथा अन्य वाहनों पर **अतिकर** लगाने पर विचार कर रही है। |
| 76. | Tampering | **छेडछाड़ करना, बिगाड़ना** | **Tampering** with crime evidence is a punishable offence. | अपराध के साक्ष्यों से **छेड़छाड़ करना** दण्डनीय अपराध है। |
| 77. | Tangible | **मूर्त** | He offered his house against loan as **tangible** security. | उसने अपने घर को ऋण के बदले **मूर्त** प्रतिभूति के रुप में रखने का प्रस्ताव दिया। |
| 78. | Transient | **अस्थायी** | Side effects of certain medicines are however, **transient**. | कुछ दवाओं के दुष्प्रभाव हालांकि **अस्थायी** होते हैं। |
| 79. | Repudiated | **निराकृत मानना** | All the charges labelled against him may be treated as **repudiated**. | उस पर लगाए गए सभी आरोप **निराकृत माने** जाए। |
| 80. | Triable | **विचारणीय** | There is no ground for making the offence **triable.** | अपराध को **विचारणीय** बनाने का कोई आधार नहीं है। |
| 81. | True verdict | **सच्चा अधिमत** | Thanks to the document placed as an evidence, jury was able to give a **true verdict**. | साक्ष्य के रुप में प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों की सहायता से निर्णायक समिति **सच्चा अधिमत** देने में सफल हुई। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 82. | Uncorroborated Testimony | **असंपुष्ट परिसाक्ष्य** | Court did not permit conviction on the **uncorroborated testimony** against co-accused. | न्यायालय ने सह-अभियुक्त के विरुद्ध असंपुष्ट **परिसाक्ष्य** प्रस्तुत किए जाने के कारण उसे दोष सिद्ध घोषित नहीं किया। |
| 83. | Uphold the law | **विधि की मर्यादा बनाए रखना** | Being govt. official, he bears responsibility to **uphold the law**. | सरकारी कर्मचारी होने के नाते **विधि की मर्यादा बनाए रखना** उसका उत्तरदायित्व है। |
| 84. | Vacation judge | **प्रावकाश न्यायाधीश, दीर्घावकाश न्यायाधीश** | The state filed an application for enhancement of sentence and the **vacation judge** granted a rule. | राज्य सरकार ने सज़ा में बढ़ोत्तरी के लिए आवेदन प्रस्तुत किया जिस पर **दीर्घावकाश न्यायधीश** ने एक नियम स्वीकृत किया। |
| 85. | Validation | **विधिमान्यकरण** | The court **validated** the recovery proceedings. | न्यायालय द्वारा वसूली की कार्यवाही का **विधिमान्यकरण** किया गया। |
| 86. | Valuation of suits | **वाद का मूल्यांकन** | Wrong **valuation of suit** prejudicially affects its disposal. | **वाद का** गलत **मूल्यांकन** उसके निपटान पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। |
| 87. | Verification of pleadings | **अभिवचनों का सत्यापन** | **Verification of pleading** is done by the person who prepares. | **अभिवचनों का सत्यापन** उसे तैयार करने वाले व्यक्ति द्वारा किया जाता है। |
| 88. | Wager of law | **समर्थन शपथ** | **Wager of law** is not in vogue today as it used to be in early times. | **समर्थन शपथ** का प्रयोग अब चलन में नहीं है जैसा कि पुराने समय में होता था। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 89. | Credible witness | **विश्वसनीय साक्षी** | The jury found the lady a **credible witness** based on her testimony. | महिला के बयान के आधार पर न्यायपीठ ने उसे **विश्वसनीय साक्षी** माना। |
| 90. | Writ of habeas corpus | **बंदी प्रत्यक्षीकरण** | Any imprisoned person by challenging the legality of his/her imprisonment may seek help from court by filing **writ of habeas corpus.** | कोई भी बंदी व्यक्ति अपने कारावास की वैधता को चुनौती देने के लिए **बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका** दायर करके न्यायालय से मद्द की गुहार कर सकता है। |
| 91. | Writ of prohibition | **प्रतिषेध रिट** | High court issued a **writ of prohibition** to the lower court to prevent it from passing a judgement beyond its jurisdiction. | उच्च न्यायालय द्वारा निचले न्यायालय को अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर निर्णय सुनाने के लिए **प्रतिषेध रिट** जारी की गई। |
| 92. | Value judgement | **निष्ठाधारित निर्णय, मूल्य निर्णय** | People often make **value judgements** without considering the facts. | लोग आम तौर पर सत्य की परख किए बिना **निष्ठाधारित निर्णय** कर लेते है। |
| 93. | Unitary Government | **एकात्मक सरकार** | In **unitary government** the centre possesses more authority and power. | **एकात्मक सरकार** में केंद्र सरकार के पास अधिक अधिकार तथा शक्तियां होती है। |
| 94. | Two party system | **द्विदलीय पद्धति** | American political system is an example of the **two party systems**. | अमेरिकी राजनीतिक प्रणाली **द्विदलीय पद्धति** का एक उदाहरण है। |
| 95. | Statutory law | **अधिनियमित विधि** | Those laws which are enacted by parliament are known as **statutory laws.** | संसद द्वारा बनाए गए कानूनों को **अधिनियमित विधि** के नाम से जाना जाता है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 96. | Substantive law | **मूल विधि** | The lawyer took reference of **substantive law** in the case during the trial. | वकील ने मामले में सुनवाई के दौरान **मूल विधि** का संदर्भ लिया। |
| 97. | Res judicata | **पूर्व न्याय** | A court will apply the principle of **res judicata** to deny reconsideration of a case. | न्यायालय किसी मामले पर पुनर्विचार करने से इंकार करने के लिए **पूर्व न्याय** से संबंधित सिद्धांत का प्रयोग करेगा। |
| 98. | Presidential Government | **राष्ट्रपतिक शासन** | The majority of people opined to maintain the current **presidential Government.** | अधिकांश लोगों ने वर्तमान **राष्ट्रपतिक शासन** को बनाए रखने के पक्ष में मत दिया। |
| 99. | Public law | **लोक कानून, लोक विधि** | We should always follow **public laws** to avoid any legal trouble. | किसी भी प्रकार के कानूनी संकट से बचने के लिए हमें **लोक कानूनों** का पालन करना चाहिए। |
| 100. | naturalisation | **देशीय भाषा** | The Government refused their **naturalisation** for want of proper documentation. | सरकार ने उचित कानूनी दस्तावेजों के अभाव में उनके **देशीकरण** की अनुमति नहीं दी। |